भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) का न्यूज लेटर

# BPMS NEWS

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

विक्रम सम्वत् – 2077 ● मासिक पत्र : नवम्बर 2020 ● पृष्ठ : 4 ● दिल्ली

## 'हमारा बुक बैंक' संस्था के विस्तार हेतु नई समिति का गठन




श्री अनिल अग्रवाल
संस्थापक-हमारा बुक बैंक













भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा संस्था के सेवा कार्यो के विस्तार के लिए एक नई समिति (हमारा बुक बैंक) का गठन किया गया जिसका मुख्य कार्य किसी के पास भी उपलब्ध पुरानी किताबें इकट्ठा करके उन्हें हमारा बुक बैंक के कार्यालय (टी–2319, फर्स्ट फ्लोर, फैज रोड, करोल बाग) में पहुंचाना है जिससे उन किताबों को जरूरतमंद विद्यार्थियों तक पहुँचाया जा सके। कार्यालय में एक बड़ी मात्रा में किताबों का संग्रह है जोकि बिना किसी शुल्क के कोई भी विद्यार्थी ले जा सकता है। आपके घर में बहुत सी ऐसी पुस्तकें होंगी जिनका आप उपयोग नहीं करते होंगे, अच्छा होगा यदि आप इन सभी प्रकार की पुस्तकों को भारत के सबसे लोकप्रिय हमारा बुक बैंक को दान करें और संस्था से जुड़ें।

भिवानी परिवार मैत्री संघ के सक्रिय सदस्य, निष्काम कर्मयोगी, भिवानी जिला के गांव बलियाली निवासी श्री अनिल अग्रवाल इस बुक बैंक के संस्थापक हैं, उनका पूरा परिवार इस सेवा कार्य में जुटा है, हर दिन अनेक विद्यार्थी यहां आकर हजारों रुपये की पुस्तकें नि:शुल्क प्राप्त करते हैं। हमारे महासचिव दिनेश गुप्ता ने श्रीमती पूजा जैन के नेतृत्व में एक सेवा समिति का गठन करके इस कार्य को आगे बढ़ाने की घोषणा की है। आपसे आग्रह है कि अगर आपके पास भी कोई पुस्तकें हो तो संस्था के ऑफिस तक पहुंचाएं जिससे आप भी इस सेवा कार्य से जुड़ सकें।

हमारा बुक बैंक से जुड़ने के लिए फेसबुक लिंक :–
https://www.facebook.com/hamarabookbank/



भिवानी परिवार मैत्री संघ (पंजी.) की मुख्य मासिक पत्रिका

# BPMS NEWS

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

सम्पादक

श्री जगत नारायण भारद्वाज

सह-सम्पादक

श्रीमती सुनीता शर्मा व श्री मनीष गोयल

कार्यालय

भिवानी परिवार मैत्री संघ, पंजीकृत (BPMS)

एफ-6, कोहली प्लाजा, सी यू ब्लॉक,
उत्तरी पीतमपुरा, दिल्ली-110034
दूरभाष : 9999305530, E-mail: admin@ebhiwani.com
http://www.ebhiwani.com

## भिवानी के लोग



### श्री जितेन्द्र सिंह गुप्ता

आर्य समाज चरखी दादरी के प्रधान श्री जसवंत गुप्ता एवं श्रीमती सुनीता गुप्ता के घर 28 अक्टूबर 1955 में श्री जितेन्द्र गुप्ता का जन्म हुआ । चार भाइयों का समृद्ध परिवार। आपकी पूज्य माता जी गुरुकुल पंचनामा की उपकुलपति हैं। जनता कॉलेज चरखी दादरी से स्नातक, चंडीगढ़ पंजाब विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. तथा गांधियन फिलॉसफी में डिप्लोमा। भिवानी बासिया परिवार की श्रीमती उर्मिल गुप्ता से विवाह बंधन में बंधकर पीयूष गुप्ता (आईबीएम अमरीका) और प्रतीक गुप्ता (इ.एक्स.एल. लंदन) दो पुत्र रतन । गृह मंत्रालय में असिस्टेंट के रूप में कैरियर शुरू कर डिप्टी सेक्रेटरी के रुप मे माननीय लालकृष्ण आडवाणी, शिवराज पाटिल और जनरल वी के सिंह के साथ कार्य। वर्तमान में स्पेशल मेट्रोपोलिटीन मेजेस्ट्रेट के रूप में कार्य कर रहे हैं । चेतना संस्था के बोर्ड मेंबर के रूप में आप देहदान और अंगदान का अद्भुत कार्य कर रहे हैं। हम बीपीएमएस के आजीवन सदस्य श्री जे एस गुप्ता की स्वस्थ दीर्घ जीवन एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## सम्पादकीय



जो समाज अपने पूर्वजों के महान कार्यों का स्मरण करता है वे आने वाली पीढ़ी के लिए श्रेष्ठ पदचिन्ह छोड़ता है। कौरव पांडवों के चंद्रवंश में हिन्दू सम्राट राजा अनंगपाल तोमर द्वितीय हुए हैं। इनके वंशज अनेक शाखाओं में विभक्त होकर अनेक स्थानों में जा बसे। इनके एक वंशज पाणपट ने जिल्हों पाटन (राजस्थान) पर विजय प्राप्त की।

अनंगपाल तोमर द्वितीय की छठी पीढ़ी में जाटू जी हुए, ये गोगापीर के रिश्ते में थे। इनके दूसरे पौत्र वासुदेव ने सन 1303 में बुवानीखेड़ा बसाया। वासुदेव के पौत्र नीमपाल हुए जिन्होंने एक व्यवस्था बनाकर कोंट गांव से कर लेना शुरू कर दिया। वहां के निवासियों ने इस व्यवस्था को सहन नहीं किया व नीमपाल को जान से मारने की योजना बनाई। राजा नीमपाल जब कोंट गांव में आते थे तो एक भानी नाम की महिला के घर अपना घोड़ा बांधते थे। वह महिला उनके गुणों पर मुग्ध थी तथा दोनों का आपस में गहरा विश्वास था। उसने नीमपाल को गांव वालों की योजना बता दी। नीमपाल उसी समय अपने गांव बुवानी खेड़ा गए और अपने साथ कुछ लड़ाको को साथ लेकर कोंट गांव के लोगों से युद्ध किया जिसमें कोंट गांव के कुछ लोग तो मारे गए और कुछ भाग खड़े हुए। इस मारकाट में जब नीमपाल के सैनिकों के सामने भानी आई तो वह गिड़गिड़ाती हुई बोली कि मैंने तो नीमपाल की जान बचाई है इसलिए मुझे तो छोड़ दो ।उन सैनिकों ने कहा कि जब तुम अपने घर वालों की नहीं हुई तो हमारी क्या होगी।

यह कहकर उसे भी तलवार से घायल कर दिया। घायलावस्था में नीमपाल ने भानी का सिर अपने घुटनों पर रखकर कहा कि बेशक तुम मरने जा रही हो, पर मैं तुझे वचन देता हूं कि तेरे नाम का एक गांव बसाकर तुझे अमर कर दूंगा।

इस घटना का जिक्र हिसार के अभिलेखागार कार्यालय में आज भी सुरक्षित है, हरियाणा सरकार के गजेटियर में भानी को नीमपाल की पत्नी बताया है जो सत्य से दूर है। किंवदंती तो कई है, पर एक बात सर्वविदित है कि जहां पानी की उपलब्धता होगी गांव की बसावट वहीं होगी। भिवानी के बसाए जाने के स्थान का चयन करते समय राजा नीमपाल को डोभी तालाब दिखाई दिया, उसी समय राजा नीमपाल ने यहीं पर गांव बसाने का संकल्प कर लिया। चैत्र बदी पंचमी शक्रवार संवत 1433 तदनुसार 26 फरवरी सन 1376 के पवित्र दिन राजा नीमपाल ने बुवानी खेड़ा के पंडित किशोरी लाल कौशिक (लाटा) से यज्ञ करवाकर एक जांटी का पौधा लगाकर भानी नाम के गांव की नींव डाली ।यह जांटी का वृक्ष आज भी वर्तमान बिजली घर गेड पर लगा है। पानी की उपलब्धता के लिए निमडीवाला तालाब बनवाया जो आज नेहरू पार्क के नीचे दफन है।

-जगत नारायण भारद्वाज

## स्मृति शेष

**भिवानी परिवार दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है**



श्रीमती गायत्री देवी
5 अक्टूबर



श्री रामनिवास बासिया
14 अक्टूबर



श्री पवन कुमार गुप्ता
24 अक्टूबर

# जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं



भिवानी गौरव
श्री माधव कौशिक
(1 नवम्बर)



श्री सुभाष चन्द्र गर्ग
(संरक्षक सदस्य)
(1 नवम्बर)



श्री सुरेश अग्रवाल
(संरक्षक सदस्य)
(2 नवम्बर)



श्री राजेन्द्र प्रसाद जालान
(संरक्षक सदस्य)
(5 नवम्बर)



श्री सुखदर्शन सिंह
(संरक्षक सदस्य)
(6 नवम्बर)



भिवानी गौरव
श्री पुरुषोत्तम दास
(11 नवम्बर)



श्री पुरुषोत्तम दास अग्रवाल
(संरक्षक सदस्य)
(12 नवम्बर)



श्री प्रमोद शर्मा
(कार्यकारिणी सदस्य)
(14 नवम्बर)



भिवानी गौरव
श्री जगदीश मित्तल
(15 नवम्बर)



भिवानी गौरव
श्री एम.एल. शर्मा
(15 नवम्बर)



भिवानी गौरव
श्री नरेन्द्र जीत सिंह रावल
(15 नवम्बर)



श्री कपिल बगाडिया
(संरक्षक सदस्य)
(17 नवम्बर)



श्री पवन मोडा
(संयुक्त सचिव-बीपीएमएस)
(21 नवम्बर)



श्री मनोज हाडा
(संरक्षक सदस्य)
(22 नवम्बर)



भिवानी गौरव
श्री योगेश बरनेला
(22 नवम्बर)



श्री संदीप बंसल
(संरक्षक सदस्य)
(27 नवम्बर)



श्री पुष्पेन्द्र गोयल
(संरक्षक सदस्य)
(29 नवम्बर)



## भिवानी परिवार मैत्री संघ की 11वीं वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन

नई दिल्ली। भिवानी परिवार मैत्री संघ की 11वीं वार्षिक साधारण बैठक का आयोजन अशोक विहार स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। बैठक में इस कोविड महामारी के चलते हुए भी भारी संख्या में सदस्यों ने हिस्सा लिया। बैठक बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान श्री राजेश चेतन ने की। बैठक में श्री राजेश चेतन, श्री दिनेश गुप्ता, सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री रमेश अग्रवाल, व्यापारी नेता श्री सुरेश बिंदल ने बहुत सी बातें साझा की:-




**श्री राजेश चेतन**

श्री राजेश चेतन ने आगामी वर्ष की योजनाये बताते हुए भिवानी में भी हमारा बुक बैंक खोलने का एलान किया। संस्था द्वारा भिवानी में अपना घर आश्रम की महिला ब्रांच जल्द ही खोलने की कोशिश रहेगी, मासिक न्यूज लैटर प्रकाशन करने का फैसला हुआ, दिल्ली सरकार से जल्द से जल्द संविधान संशोधन करवा के भारत वर्ष में भिवानी परिवार मैत्री संघ की शाखाएं खोलने का संकल्प भी लिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि संस्था द्वारा अपने भवन निर्माण के लिए डीडीए से प्लाट आवंटन की जो प्रक्रिया चल रही थी उसमें और अधिक प्रयास करते हुए जल्द से जल्द डीडीए से प्लाट आवंटन करवाने की कोशिश की जाएगी।



**श्री दिनेश गुप्ता**

संस्था के महामंत्री श्री दिनेश गुप्ता ने संस्था द्वारा किये गए गत वर्ष के कार्यों का ब्यौरा सदस्यों के सामने डिजिटल रूप में पेश किया गया। साथ ही वर्ष 2019-2020 की आय-व्यय का ब्यौरा भी दिया। संस्था के सदस्यों द्वारा महामंत्री श्री दिनेश गुप्ता की कार्यशैली को देखकर उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई जिसके बाद राष्ट्र गान से बैठक का समापन किया गया।



**श्री सुरेश बिंदल**

सुरेश बिंदल जी ने दो महान समाजसेवी व्यक्तित्वों के बारे में बताया जिनका इस दिन जन्मदिन था। जिनमें से एक है प्रसिद्ध समाजसेवी श्री नानाजी देशमुख (नानाजी) जो कि भारत वर्ष में सबसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने अपना देहदान किया और दूसरे हैं श्री जय प्रकाश नारायण (जेपी) जिनका समाज में क्रांतिकारी योगदान अतुलनिए रहा है। साथ ही सुरेश जी ने भिवानी परिवार की विवाह सुझाव समिति की भी खूब सराहना की।



**श्री रमेश अग्रवाल**

सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं सेवा भारती दिल्ली प्रान्त के अध्यक्ष श्री रमेश अग्रवाल ने बताया कि भिवानी परिवार मैत्री संघ ने सेवा भारती के साथ मिलकर कोविड महामारी लॉकडाउन के समय अनुपम मानव सेवा की, और भिवानी परिवार मैत्री संघ का दिल से धन्यवाद दिया।

# अक्टूबर माह की गतिविधियां

भिवानी परिवार मैत्री संघ की टूरिज्म कमेटी द्वारा Tea on Wheels नाम से एक वर्च्यूल सीरीज शुरू की है, जिसमें हम संस्था के सदस्यों को वेबिनार्स के माध्यम से देश विदेश की यात्रा करवाते है। इस सीरीज के अंतर्गत हम अब तक 7 वर्च्युल टूर संस्था को करवा चुके हैं। जिनका विवरण इस प्रकार है:-

## Tea on Wheels



Tea on Wheels 1.0
दिनांक : 6 सितम्बर
वक्ता : श्री कपिल बागडिया
यात्रा : कैलाश मानसरोवर



Tea on Wheels 2.0
दिनांक : 13 सितम्बर
वक्ता : श्री सांवरमल गोयल
यात्रा : बारह ज्योतिर्लिंग




Tea on Wheels 3.0
दिनांक : 20 सितम्बर
वक्ता : श्री संजय जैन
यात्रा : दुबई



Tea on Wheels 4.0
दिनांक : 27 अक्टूबर
वक्ता : सुश्री मंजीत मरवाहा
यात्रा : लन्दन



Tea on Wheels 5.0
दिनांक : 4 अक्टूबर
वक्ता : श्री जगत नारायण भारद्वाज
यात्रा : गोकर्ण से कन्याकुमारी



Tea on Wheels 5.0
दिनांक : 4 अक्टूबर
वक्ता : श्री रणविजय सिंह तंवर
स्थान : गोकर्ण से कन्याकुमारी



Tea on Wheels 6.0
दिनांक : 18 अक्टूबर
वक्ता : श्री मनीष गोयल
यात्रा : रामेश्वरम



Tea on Wheels 7.0
दिनांक : 24 अक्टूबर
वक्ता : श्री कपिल बागडिया
यात्रा : बाली

## पुस्तक प्रभात

भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा संस्था के यू-ट्यूब चैनल पर पुस्तक प्रभात नाम की एक श्रृंखला शुरू की गई, जिसमें इस माह में निम्नलिखित पुस्तकों पर चर्चा हुई :-

The Assertive You, कल्याण मार्ग का पथिक, दूजा नहीं कबीर, बच्चों की सही परवरिश के 21 टॉप सीक्रेट्स, ट्वेल्थ फेल, The Monk who Sold His Ferrari, कर्मज्योति, हरियाणवी रामायण, 5 Seconds Rule, कर्णभारम, आसमान साफ है, सरहस्य विवाह पद्धति, डॉ. केशव बालीराम हेडगेवार, मेरे पिता (स्वामी श्रद्धानंद), लोककला-सिरमौर आदि पुस्तकें सम्मिलित हैं।



श्री मनोज शर्मा



श्री सोमवीर आर्य



श्री सम्पूर्ण सिंह बागड़ी



श्री मनोज भारत



श्री सचिन मेहता



श्री सांवरमल गोयल



श्री प्रमोद शर्मा

## व्रत त्यौहार नवम्बर 2020

- करवा चौथ व्रत : बुधवार, 4 नवम्बर 2020
- अहोई अष्टमी व्रत : रविवार, 8 नवम्बर 2020
- गोवत्सद्वादशी : गुरुवार, 12 नवम्बर 2020
- हनुमान जयंती : शुक्रवार, 13 नवम्बर 2020
- दीपावली : शनिवार, 14 नवम्बर 2020
- गोवर्धनपूजा, अन्नकूट : रविवार, 15 नवम्बर 2020
- भैया दूज, विश्वकर्मा पूजा : 16 नवम्बर 2020
- सूर्यषष्टि पर्व, छठ (बिहार) शुक्रवार, 20 नवम्बर 2020
- गोपाष्टमी : रविवार, 22 नवम्बर 2020
- अक्षय नवमी : सोमवार, 23 नवम्बर 2020
- देव प्रबोधिनी एकादशी : बुधवार, 25 नवम्बर 2020
- तुलसी विवाह : गुरुवार, 26 नवम्बर 2020
- भीष्म पंचक : 25 नवम्बर से 29 नवम्बर 2020
- कार्तिक पूर्णिमा : सोमवार 30 नवम्बर 2020
- गंगास्नान समाप्त : सोमवार, 30 नवम्बर 2020

## सेवा समितियां

**भिवानी परिवार मैत्री संघ द्वारा संस्था के कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिन समितियों का गठन किया गया था उनका विवरण इस प्रकार है।**

1. डी.डी.ए. प्लॉट समिति : श्री अरविंद गर्ग, 9811757577
2. बिजनेस पाठशाला : श्री हंसराज रल्हन, 9212163340
3. संविधान समिति : श्री दिनेश गुप्ता, 9810003215
4. बधाई एवं संवेदना संदेश समिति : श्री हरिकृष्ण अग्रवाल, 9873238530
5. 24 X 7 हेल्थ हेल्प लाईन : श्री पवन मोडा, 9350461306
6. अपना घर आश्रम समिति : श्री सांवरमल गोयल, 9990541122
7. शिक्षा बैंक : श्री पंकज गुप्ता, 9654909070
8. नेत्रदान-देहदान समिति : श्री एन.आर.जैन, 9711917855
9. वैब पोर्टल : श्री प्रमोद शर्मा, 9868162572
10. कृत्रिम अंग सेवा समिति : श्री नवीन जयहिंद, 9313581995
11. आपदा राहत समिति : श्री दिनेश गुप्ता, 9810003215
12. रोजगार समिति : श्री सुशील गनोत्रा, 9899454931
13. विवाह सुझाव एवं मैटरीमोनियल समिति : श्री विनय सिंघल, 9999190575
14. जल सेवा समिति : श्री हरिकृष्ण अग्रवाल, 9873238530
15. पर्यटन समिति : श्री मनीष गोयल, 9811195512
16. यू-ट्यूब समिति : श्री राजेश चेतन, 9811048542
17. वस्त्र एवं औषधि संग्रहण समिति : श्री गोविंदराम अग्रवाल, 9312923340
18. वरिष्ठ नागरिक मनोरंजन केन्द्र (लाइब्रेरी) : श्री विनय सिंघल, 9999190575
19. हमारा बुक बैंक समिति : श्रीमती पूजा जैन, 9212232753

**अगर आप भी इनमें से किसी समिति से जुड़ना चाहते है या अपने सुझाव देना चाहते है तो आप समिति के संयोजक से संपर्क कर सकते है।**